हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, सोमवार, 10 फरवरी 2025

तापमान
अधिकतम 29 .1 डिग्री
न्यूनतम 5.2 डिग्री

11 हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए थे चापेकर बंधु



12 विदाई समारोह में जूनियर ने सीनियर छात्रों को दी विदाई



## खबर संक्षेप

### शहर में छह घंटे तक ठप रही बिजली आपूर्ति

**सोनीपत।** शहर के सूरी पेट्रोल पंप वाली गली में रविवार को छह घंटे बिजली आपूर्ति बंद रही। जिसकी वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सोनीपत में ओल्ड इंडस्ट्रीयल एरिया उपमंडल अधिकारी की ओर से सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे परमिट ले रखा था। इस दौरान घरेलू व व्यावसायिक गतिविधियां प्रभावित रहीं। बिजली कटौती की पूर्व सूचना न मिलने से लोग परेशान रही। लोगों ने बिजली निगम पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इतने लंबे समय तक बिजली बंद रखने से पहले उचित सूचना दी जानी चाहिए थी। इनवर्टर डिस्चार्ज होने के कारण कई घरों में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग लापता, केस

**खरखौदा।** सोनीपत मार्ग स्थित आवासीय क्षेत्र एक नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। सतीश ने बताया कि उसका 14 वर्षीय पुत्र प्रभात सायं 6 बजे ट्यूशन पढ़कर घर आया था। उसके बाद वह घर पर अपना बैग रखकर खेलने के लिए बाहर चला गया था। जब वह रात तक वापस नहीं आया तो उसकी तलाश की गई। जिसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### मकान में चोरी करने घुसा था युवक, पकड़ा गया




**गोहाना।** गोवर्धन कालोनी में बंद मकान में चोरी की नीयत से घुसे युवक को पकड़ लिया। जब युवक मकान में घुसा हुआ था तभी मकान मालिक पहुंच गया। युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। शहर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। जींद रोड स्थित राम गली में रहने वाले रणबीर चहल ने पुलिस को बताया कि उसका एक मकान गोवर्धन कालोनी में है। मकान को बंद किया गया था। वह शनिवार को अपने बंद मकान को संभालने के लिए गया था। वहां एक युवक चोरी की नीयत से घुसा मिला। उसने पड़ोसियों को बुलाकर उसे पकड़ लिया। उसने अपना नाम रोहित बताया। पुलिस को बुलाकर उसे सौंप दिया गया। रणबीर ने बताया कि पहले भी उसके मकान से पीतल की टोंटी चोरी की जा चुकी हैं।

### दो आरोपी अवैध हथियार सहित गिरफ्तार, केस



**गोहाना।** क्राइम यूनिट गोहाना की पुलिस ने अलग-अलग जगह से दो आरोपितों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया। न्यायालय के आदेश पर उनको न्यायिक हिरासत में भेजा गया। सहायक उप निरीक्षक विनोद ने पुलिस टीम के साथ आरोपित गोहाना में शास्त्री नगर के रामबीर को पानीपत रोड बाईपास के निकट से गिरफ्तार किया। उससे देशी पिस्तौल व पांच कारतूस बरामद किए। दूसरी तरफ हवलदार देवेंद्र ने पुलिस टीम के साथ गांव धनाना के दलशेर को ड्रेन आठ के निकट से गिरफ्तार किया। उससे दो पिस्तौल व एक कारतूस बरामद किया।

### बड़ौता में किसान का ट्रैक्टर चोरी

**गोहाना।** गांव बड़ौता से किसान पवन का ट्रैक्टर चोरी कर लिया गया। उसकी शिकायत पर सदर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया। उसने पुलिस को बताया कि उसने शनिवार रात लगभग आठ बजे अपना सोनालिका का ट्रैक्टर प्लाट में खड़ा किया था। रविवार सुबह जगा और प्लाट में गया तो ट्रैक्टर नहीं मिला। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर लिया है।

## प्रगति नगर में पार्किंग विवाद में दिनदहाड़े गोलियों से भूनकर हत्या

# वंश राष्ट्रीय स्तर की पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जीत चुका था रजत

■ दो भाइयों में बड़ा था वंश ■ डेयरी चलाकर परिवार को दे रहा था सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

प्रगति नगर में पार्किंग विवाद के चलते असमय काल का ग्रास बना वंश पावर लिफ्टर था। बेंच प्रेस की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक जीत चुका था। आगे भी बेंच प्रेस प्रतियोगिता की तैयारी कर रहा था। इतना ही नहीं परिवार का भरण पोषण करने के लिये डेयरी भी चला रहा था और अपनी पढ़ाई के लिये डिस्टेंस एजुकेशन से पढ़ भी रहा था। दो भाइयों में बड़े वंश की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्योंकि परिवार भी वंश के सहारे ही चल रहा था। जिस समय वंश की हत्या हुई, उस समय उसके पिता अस्पताल में भर्ती थे।

बीमार पिता का ऑपरेशन होना था। उसका छोटा भाई सुशांत है जो 12वीं कक्षा के छात्र है। वंश मलिक जिस युवती के घर डाटा केबल लेने गए था वह उनके साथ छोटूराम चौक स्थित जिम में अभ्यास करती हैं। वहीं से दोनों की पहचान हुई थी। वह रविवार को उनकी गली से गुजर रहा था तो उनके घर डाटा केबल लेने चला गया। इसीलिये गली में अपनी बाइक खड़ी की थी। बस इसी बाइक को गली में खड़ी करने को लेकर झगड़ा हो गया था। जिसमें वंश की जान ही चली गई। वंश मलिक के बारे में गोल्डी जिम के संचालक गोल्डी ने बताया कि वंश उत्कृष्ट पावर लिफ्टर था। वह बेंच प्रेस में नेशनल स्तर पर सोना जीत चुका था। गोल्डी के अनुसार वह बेहतरीन खिलाड़ी था। उसने दो साल पहले दिल्ली में हुई नेशनल बेंच प्रेस स्पर्धा में सोना जीता था। उससे पहले सोनीपत के बीएम इंजीनियरिंग कॉलेज में हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में वह सोना जीत चुका था। वहीं जिला स्तर पर भी सोना जीत चुका था।



सोनीपत। मौके पर पहुंची पुलिस टीम एवं एकत्रित हुए लोग।



सोनीपत। मौके पर जांच करते हुए एसीपी राहुल देव।



### वंश के पिता चल रहे थे अस्वस्थ्य

बताया जा रहा है कि वंश के पिता बीमार होने के चलते अस्पताल में दाखिल थे। उनका ऑपरेशन होना था। उससे पहले ही बेटे की हत्या कर दी गई। ऐसे में परिवार के सदस्य उन्हें घर ले आए। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है।

## टोल फ्री कराने को मंडोरा और मंडोरी वासियों ने झरोठी टोल पर किया प्रदर्शन



खरखौदा। टोल फ्री कराने के लिए पहुंचे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

रविवार को मंडोरा व मंडोरी गांव के ग्रामीण झरोठी टोल पर पहुंचे और टोल फ्री कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि टोल के आसपास के कई गांवों को छूट मिली हुई है, लेकिन मंडोरा व मंडोरी गांव के लोगों को छूट नहीं दी जा रही। जबकि उनका तहसील व कोर्ट खरखौदा में लगातार आना-जाना होता है। ग्रामीण एकत्रित होकर झरोठी टोल पर पहुंचे और टोल मैनेजर मुकेश चौहान से उनके गांवों के वाहनों के भी टोल फ्री करने की मांग की। मैनेजर ने इस दौरान ग्रामीणों का कहा कि टोल फ्री करने या न करने का अधिकार केवल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग अथारिटी के पास है। वैसे इसके लिए उनके पास बनाए जा सकते हैं। ग्रामीण मंथली पास बनवाना चाहते हैं तो बनवा ले, जिसकी फीस 340 रुपये है। लेकिन ग्रामीण इसके लिए तैयार नहीं हुए।

### मांग पर सहमति

इस बीच विधायक पवन खरखौदा संयोग से मौके पर पहुंचे और टोल मैनेजर से बात की। जिसके बाद टोल मैनेजर द्वारा दोनों गांव के नाम पर रजिस्टर्ड वाहनों की टोल पर से फ्री में आवाजाही कराने की बात को मान लिया गया।

## भूतपूर्व सैनिक संगठन ने पद्मश्री डॉ. देशवाल का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

■ नायब सूबेदार ओमप्रकाश मलिक की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

भूतपूर्व सैनिक संगठन गन्नौर की मासिक बैठक के डी नगर स्थित कार्यालय में नायब सूबेदार ओमप्रकाश मलिक की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन कैप्टन एस एस दहिया ने किया । बैठक में पदम श्री अवॉर्डी ,विख्यात साहित्यकार डॉ संतराम देशवाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और ब्रिगेडियर यशपाल सिंह निदेशक पार्क अस्पताल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की । कार्यक्रम के दौरान पद्मश्री अवार्ड संतराम देशवाल की धर्मपत्नी राजकला देशवाल सेवानिवृत प्रोफेसर ने सैनिको के जीवन तथा उनके साहस व बलिदान पर लिखी हुई कविता सुनाई । इसके बाद ब्रिगेडियर एसपी सिंह ने बताया कि पार्क अस्पताल पानीपत घुटने को रोबोटिक विधि से ऑपरेशन करने की नई जानकारी से अवगत करवाया। डॉक्टर संतराम देशवाल ने अपने जीवन परिचय में अपने संघर्ष की कहानी बताते हुए सादा जीवन व उच्च विचारों का जीवन व्यतीत करने के लिए प्रेरित किया। देशवाल ने संगठन की ओर से नवीन प्रताप त्यागी ने पद्मश्री अवार्ड संतराम देशवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर हवलदार जुगती राम ,सूबेदार राजेंद्र, मेजर महा सिंह ,सूबेदार कृष्णा, वेद सिंह ,रतन मलिक आदि मौजूद रहे।

## कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर कैंटर चालक ने टोल कर्मचारी को कुचला, केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नेशनल हाईवे-44 पर कुंडली-सिंघु बॉर्डर स्थित टोल पर काम करने वाला एक कर्मचारी रविवार को ड्यूटी पर हादसे के कारण असमय काल का ग्रास बन गया। कैंटर की चपेट में आए इस टोलकर्मी की मौत की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर दिल्ली में पोस्टमार्टम कराया। कुंडली थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव जांटी कलां निवासी मनोज ने कुंडली थाना पुलिस को बताया कि उनके छोटे भाई सोनू (33) कुंडली-सिंघु बॉर्डर स्थित टोल पर काम करते थे। वह रविवार सुबह ड्यूटी पर थे। इसी दौरान पानीपत की तरफ से आए कैंटर ने उनके भाई को टक्कर मार दी। जिससे उनके भाई सोनू गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके भाई को साथी कर्मियों ने दिल्ली के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उपचार के दौरान उनके भाई की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दिल्ली के अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम कराया गया। कुंडली थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### बेटे के सिर से उठा पिता का साया

हादसे का शिकार हुआ सोनू दो भाइयों में छोटा है। परिवार का उनका एक बड़ा भाई है। सोनू शादीशुदा था। उनके पास एक बेटा है। हादसे के बाद से परिजनों का रोकर बुरा हाल है।

## पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण चलाकर पकड़े 50 आरोपी, पांच हजार का इनामी भी किया काबू

**सोनीपत।** पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण चलाकर पांच हजार रुपये के इनामी समेत 50 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि अपराध किसी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। पुलिस प्रवक्ता रविंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस आयुक्त नाजनीन भसीन के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत आरोपियों पर शिकंजा कसा गया। पुलिस आयुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त समेत पुलिस की 86 टीमों में शामिल 394 जवानों को अभियान में लगाया गया। जिसमें 50 आरोपियों को पकड़ा गया। इनमें पांच हजार रुपये का इनामी और वर्ष 2023 में थाना गन्नौर में दर्ज चोरी के मामले के आरोपी गढ़ी केसरी निवासी दारा को भी पकड़ा गया। इसके अलावा चार आरोपियों को 190 बोतल शराब सहित पकड़ा। पुलिस आयुक्त ने कहा कि अपराधियों से कड़ाई से निपटा जाएगा। बदमाशों को सहन नहीं किया जाएगा।

## दुकान से अवैध शराब बरामद, केस

**खरखौदा।** सूचना के आधार पर पुलिस ने एक दुकानदार को अवैध शराब रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि खुर्मपुर गांव के पास एक भट्ठे के समीप रोहणा निवासी सतपाल ने परचून की दुकान की हुई है।

### छापेमारी में खुलासा

जो अवैध शराब को अपनी दुकान पर लेकर गया है। पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की तो दुकान बंद पाई गई। लेकिन जब दुकान के पीछे जाकर जांच की गई तो वहां पर एक युवक बैठा हुआ दिखाई दिया। जिसके पास प्लास्टिक का कट्टा रखा हुआ था। प्लास्टिक के कट्टे की जांच की तो उसमें देसी शराब की 13 बोतल व 23 अध्धे बरामद हुए। युवक की पहचान रोहणा निवासी सतपाल के रूप में की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बंद मकान से नकदी व गहने चोरी

**सोनीपत।** पटेल नगर स्थित बंद घर से चोर सोने-चांदी के आभूषण व नकदी चोरी कर ले गए। पीड़ित परिवार अपने पैतृक गांव गया था। बेटे के दोस्त ने चोरी की जानकारी दी तो परिवार ने वापस आकर मुकदमा दर्ज कराया।मूलरूप से यूपी के जिला वाराणसी के गांव चंद्रवती हॉल पटेल नगर सोनीपत निवासी बसंत तिवारी ने सिविल लाइन थाना पुलिस को बताया कि वह अपने पैतृक गांव गए थे। उनके बेटे पवन के दोस्त महेश ने कॉल कर बताया कि आपके घर का ताला टूटा है। जिस पर वह घर पहुंचे। उन्होंने देखा कि चोर घर से उनकी बहू का मंगलसूत्र, सोने की चेन, कान के झुमके, बेटे की चेन व लॉकेट, चांदी की पाजेब, हाथ की चांदी की मेहंदी, चांदी की मूर्तियां व अन्य आभूषण तथा नोटों की माला समेत 17 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी खंगालने शुरू कर दिए हैं।

## राष्ट्रीय खेलों में जलवा : हरियाणा नेटबॉल की पुरुष व महिला टीम पहुंची फाइनल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

■ महिलाओं ने तेलंगाना की टीम को 48-43 के अंतर से हराया

■ पुरुष टीम ने दिल्ली को 56-53 के अंतर से हराकर जगह मनाई



हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन महासचिव बबीता ने यहां बताया कि 7 से 9 फरवरी तक देहरादून में खेले जा रहे 38 वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा नेटबॉल ट्रेडिशनल की टीमों ने पुरूष व महिला दोनों वर्ग ही टीमों ने फाइनल में प्रवेश किया। हरियाणा नेटबॉल ट्रेडिशनल में महिला वर्ग की टीम का प्रथम मैच पंजाब के बीच खेला गया। जिसमें हरियाणा टीम ने 52-44 के अंतर से जीत हासिल की। दूसरा मैच हरियाणा व केरल की टीम के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा की टीम ने 42-41 के अंतर से जीत हासिल की। तीसरा मैच हरियाणा व उत्तराखंड के टीम के बीच खेला गया। जिसमें हरियाणा की टीम ने 52-46 के अंतर से जीत हासिल की। वहीं चौथा मैच व सेमी फाइनल हरियाणा व तेलंगाना की टीम के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा की टीम ने 48-43 के अंतर से जीत हासिल करते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

हरियाणा नेटबॉल की पुरूष वर्ग की टीम का पहला मैच हरियाणा व हिमाचल के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा टीम ने 52-41 अंक जीत हासिल की। दूसरा मैच हरियाणा व राजस्थान के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा ने 60-48 के अंक से जीत हासिल की, तीसरा मैच हरियाणा व तेलंगाना के बीच खेला गया, जिसमें हरियाणा ने 57-45 के अंतर से जीत हासिल की। वहीं चौथा व सेमी फाइनल मैच में हरियाणा व दिल्ली के बीच खेला गया हरियाणा टीम ने 56-53 के अंतर से जीत हासिल की और फाइनल में प्रवेश किया। हरियाणा नेटबॉल की पुरूष व महिला की टीमों की उपलब्धि पर हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महाससचिव बबीता ने टीम कोच, मैनेजर व खिलाडियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हे पूरा विश्वास है कि हरियाणा नेटबॉल की टीमें इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक लेकर ही लौटेंगी।

## 60 किलो चूरापोस्त सहित तीन युवक गिरफ्तार


**गन्नौर।** गन्नौर क्राइम यूनिट ने गांव बहालगढ़ स्थित इंद्रा कॉलोनी में किराए के कमरे से उत्तर प्रदेश के तीन युवकों को भारी मात्रा में मादक पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 60.6 किलो डोडा व चूरापोस्त बरामद किया है। आरोपियों की पहचान यूपी के बरेली स्थित गोकुलपुरी निवासी आकाश, गाजियाबाद की माता कॉलोनी निवासी केशव व बिजनौर गांव बासटा निवासी अनिल के रूप में हुई है। गन्नौर क्राइम यूनिट प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि उनकी टीम ऑपरेशन आक्रमण के तहत बहालगढ़ चौक पर गस्त कर रही थी। उन्हें सूचना मिली कि बहालगढ़ के पास इंद्रा कॉलोनी में तीन युवक मादक पदार्थ रखकर तस्करी करते हैं। जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची ओर आरोपियों को काबू कर लिया। पुलिस ने आबकारी एवं कराधान अधिकारी शिव कुमार को मौके पर बुलाया। उनके सामने आरोपियों के कमरे में मिले प्लास्टिक बैग की तलाशी ली गई। जिसमें एक बैग में 27 किलो 150 ग्राम व दूसरे में 20 किलो 550 ग्राम चूरापोस्त मिला। तीसरे बैग में 12 किलो 900 ग्राम डोडा बरामद किया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ बहालगढ़ थाना में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों हाईवे-44 के ढाबों पर ट्रक चालकों को मादक पदार्थ बेचते थे।

### तीन माह से किराए पर रह रहे थे आरोपी

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि पिछले तीन माह से वह बहालगढ़ में किराए के कमरे पर रह रहे थे। पूछताछ में आरोपी आकाश ने बताया है कि उसका मामा मुकेश उन्हें चूरापोस्त व डोडा सप्लाई करता है। मामा मुकेश यूपी के संभल का रहने वाला है। मुकेश पहले दिल्ली काम करता था, लेकिन दिल्ली में उस पर मुकदमे दर्ज हो गए। जिसके बाद उसने उसे बहालगढ़ बुलाया और उसका काम शुरू करवाया।

## रंजिश में युवक पर गंडासी से हमला, केस

**गन्नौर।** आपसी रंजिश के चलते खेत मे जा रहे युवक के ऊपर गांव के व्यक्ति ने गंडासी से हमला कर घायल कर दिया। घायल ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में बजाना कला निवासी अजय ने बताया कि वह दिल्ली डीटीसी में कार्यरत है। जमीन को लेकर उनके साथ यशपाल पारिवारिक रंजिश रखे हुए है। रविवार की सुबह वह अपने घर के बाहर खड़ा था। इस दौरान यशपाल वहां आया और उसे गालियां देने लगा। कुछ समय बाद वह स्कूटी लेकर अपने खेत में जा रहा था। इस दौरान यशपाल ने उसका रास्ता रोक लिया और गंडासी से उसके ऊपर हमला कर दिया। जिस कारण उसे सर व हाथ मे चोट लग गई। आरोपी यशपाल उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। गन्नौर थाना पुलिस ने आरोपी यशपाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## गुजरी महल

हरियाणा में कई प्रसिद्ध ऐतिहासिक जगहें मौजूद हैं। हरियाणा की ऐतिहासिक जगहें सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि विश्व भर में फेमस है। हिसार में मौजूद गुजरी महल एक प्राचीन और प्रमुख ऐतिहासिक जगह है। इस महल का निर्माण फिरोजशाह तुगलक ने करवाया था। बता दें कि ताजमहल की तरह ही ये भी प्रेम की निशानी है। दरअसल, फिरोजशाह तुगलक ने अपनी प्रेमिका गुजरी के लिए इस महल का निर्माण करवाया था। इस महल के अंदर दीवान-ए-आम और बरदारी भवन भी प्रसिद्ध हैं।

# अंग्रेजों ने हरियाणा क्षेत्र के सहारे किया था शासन

इतिहास

यशपाल गुलिया

अंग्रेजों ने दिल्ली सिंहासन पर अधिकार जमाने के लिए हरियाणा को सहायक बनाने की रणनीति को कारगर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। हरियाणा के उत्तरी और दक्षिणी के इलाकों को अलग-अलग रियासतें और जागीरें बनाकर दिल्ली के तीन तरफ छावनियां गठित करके अंग्रेजों ने शासन किया। हरियाणा में 'बांटो और राज करो' की नीति के तहत प्रलोभन देकर हरियाणा को सहायक बनाकर अपने शासन को सशक्त बनाया। वहीं भारतीय शासक महाराजा रणजीत के निधन के बाद उन्होंने लाहौर से अफगानिस्तान तक आक्रमण किये। हरियाणा में आज भी अंग्रेजों की गठित छावनियों और और जागीरों के प्रमाण देखे जा सकते हैं। दिल्ली में अंग्रेजी शासन को सशक्त बनाने के लिए हरियाणा को सहायक बनाने की रणनीति के तहत 1803 में जब अंग्रेज अत्याधिक सुनियोजित ढंग से आगे बढ़ते हुए दिल्ली तक पहुंचे तो तत्कालीन परिस्थितियों का सूक्ष्मता से आकलन करते हुए सितम्बर 1803 में दिल्ली पर धावा बोल दिया। तब दिल्ली में नाममात्र बादशाह शाह आलम न केवल अन्धा था, बल्कि मराठा नेता सिन्धिया के संरक्षण में विराजमान था और मराठों का सेनापति जनरल पैरों (फ्रान्सिसि) अंग्रेजों से मिल चुका था। इसलिए अंग्रेजों ने उपलब्ध मराठा सेना से एक दिन का औपचारिक युद्ध करके दिल्ली सिंहासन पर अधिकार किया था। उसके बाद उन्होंने दिल्ली पर अपने शासन को स्थायित्व कायम रखने के लिए नई सैन्य व्यवस्था स्थापित की।



इसके लिए दिल्ली के तीन तरफ स्थित हरियाणा क्षेत्र में नई छावनियां गठित करनी पड़ी। दरअसल, वर्ष 1803 के आस पास वर्तमान हरियाणा क्षेत्र के उत्तर में जीन्द, कैथल, नारायणगढ़, कुन्जपुरा, अम्बाला, पटियाला, लाडवा, रादौर आदि विभिन्न छोटे-छोटे रजवाड़े बने हुए थे। जबकि हरियाणा के दक्षिण पश्चिम में बल्लभगढ़, फरुखनगर, बहादुरगढ़ एवं साथ लगते राजपुताना राज्य थे। इसलिए वे सभी अपने-अपने सैन्य सामर्थ्य अनुसार इकट्ठे होकर दिल्ली स्थित अंग्रेजों के लिए खतरा उत्पन्न कर सकते थे। ऐसी परिस्थितियों में अंग्रेजों ने 'बांटो व राज करो' की नीति के अतिरिक्त प्रलोभन देकर अपने सहायक बनाने की नई रणनीति निर्धारित की थी। नई छावनी बनाने की नीति के अनुसार अंग्रेजों ने सर्वप्रथम 1805 में करनाल को सैन्य ठिकाना बनाया ताकि इससे उत्तर हरियाणा स्थित छोटे-छोटे शासकों पर तो नियन्त्रण रहेगा ही, बल्कि पंजाब की तरफ आगे बढ़ने में भी करनाल छावनी सहायक सिद्ध होगा। इसी प्रकार दक्षिण हरियाणा व राजपुताना राज्यों पर नियन्त्रण रखने के लिए अंग्रेजों ने 1808 के आसपास भाड़ावास में नई छावनी बना ली। भाड़ावास, रेवाड़ी के पास एक गांव है जहां अंग्रेजों के बारुदखानों आदि के खंडहर आज भी देखे जा सकते हैं। यद्यपि 1819 में उन्होंने भाड़ावास छावनी को गुड़गांव मे शिफ्ट कर लिया था, जिसको हिदायतपुर छावनी का नाम दिया गया था।



भाड़ावास छावनी में मौजूद खंडहर अवस्था में बारुद खाना के अवशेष।

**अंग्रेजों ने वर्तमान हरियाणा का सम्पूर्ण क्षेत्र अपने सहायकों में बांटकर नई नवाबी तथा जागीरें स्थापित कर डाली। 1804 से झज्जर को रियासत बनाकर निजाबत अली खां को प्रथम नवाब बना दिया। ऐसे ही पटौदी को फैज तलब खां, मेवात व लोहारू को अहमद बक्स खां, दुजाना को अब्दुस समद खां को सौंप दिया।**


### हरियाणा में बनाई कई रियासतें

अंग्रेजों ने इन सैन्य तैयारी के साथ-साथ दूसरा महत्त्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कदम नई रियासतें बनाने का उठाया था। उन्होंने वर्तमान हरियाणा का सम्पूर्ण क्षेत्र अपने सहायकों में बांटकर नई नवाबी तथा नई जागीरें स्थापित कर डाली। जैसे 1804 से झज्जर को रियासत बनाकर निजाबत अली खां को प्रथम नवाब बना दिया। ऐसे ही पटौदी को फैज तलब खां, मेवात व लोहारू को अहमद बक्स खां, दुजाना को अब्दुस समद खां को सौंप दिया और उनके सामने दो शर्त थौंप दी गई। इनमें प्रथम तो बाह्य आक्रमण से ये नवाब अपनी सुरक्षा स्वयं करेंगे तथा दूसरी शर्त आवश्यकता पड़ने पर अंग्रेजों को 200-200 घुड़सवार सैनिक उपलब्ध करवाने होंगे। इस प्रकार अंग्रेजों के दिल्ली पर अधिकार करने व अलग प्रकार की शासन व्यवस्था से हरियाणा में पहले से स्थापित छोटे शासक भयभीत हो गए थे। जैसे फरुखनगर, बल्लभगढ़, जीन्द व अन्य सिख शासकों ने अंग्रेजों के सामने नतमस्तक होकर न केवल उनकी प्रभुसत्ता स्वीकार की, बल्कि महाराजा रणजीत से खतरे को देखते हुए अपनी सुरक्षा की गुहार तक लगा डाली। इस प्रकार अंग्रेजों को दिल्ली में अपना शासन सुदृढ़तापूर्वक कायम करने में कोई कठिनाई नहीं हुई। मेवात क्षेत्र के उत्पाती व लुटेरों पर नियन्त्रण करने के लिए विलियम फ्रेंजर को एक नया सैन्य दल गठित करने के आदेश दिए गए। फ्रेंजर ने फिरोजपुर झिरका में उसी एक किलानुमा अहाता बनाकर अपना नया घुड़सवार दल बना लिया।

**अंग्रेजों ने 'बांटो व राज करो' और अतिरिक्त प्रलोभन देकर अपने सहायक बनाने की नई रणनीति निर्धारित की थी। नई छावनी बनाने की नीति के अनुसार सर्वप्रथम 1805 में करनाल को सैन्य ठिकाना बनाया ताकि इससे उत्तर हरियाणा स्थित छोटे-छोटे शासकों पर तो नियन्त्रण रहेगा ही, बल्कि पंजाब की तरफ आगे बढ़ने में भी मदद होगी। इसी प्रकार, दक्षिण हरियाणा व राजपुताना राज्यों पर नियन्त्रण रखने के लिए अंग्रेजों ने 1808 के आसपास भाड़ावास में नई छावनी बना ली**

### रियासतें जब्त कर शासक बने अंग्रेज

सविलियम फ्रेजर का 1835 में फिरोजपुर झिरका के नवाब ने कत्ल करवा दिया। तब तक अंग्रेज अत्यन्त शक्तिशाली शासक बन चुके थे। वे अव्यवस्था का आरोप लगाकर रियासतें व जागीरें जब्त करने लग गए थे। अंग्रेजों को तब एकमात्र शक्तिशाली भारतीय शासक महाराजा रणजीत से भय बना रहता था। यद्यपि 1809 से महाराजा के साथ उन्होंने सन्धि कर रखी थी। लेकिन 1839 में महाराजा रणजीत सिंह की मृत्यु हो जाने पर अंग्रेजों ने लाहौर पर आक्रमण करने की तैयारी आरम्भ कर दी। तब सर्वप्रथम उन्होंने करनाल से कैन्ट को अम्बाला में शिफ्ट किया था, जो आज तक विराजमान है। वर्ष 1820 से 1840 तक अंग्रेजों ने वर्तमान हरियाणा क्षेत्र में नए जिले भी गठित कर दिए थे। इससे उनको भूमिकर व लगान प्राप्त करने में सुगमता हो गई थी। इसी प्रकार अंग्रेजों को लाहौर व अफगानिस्तान तक अपना साम्राज्य स्थापित करने में हरियाणा क्षेत्र से उनको अत्यन्त सहायता प्राप्त हुई थी। 1857 का स्वतन्त्रता संग्राम दबाने में भी अंग्रेजों को अम्बाला छावनी सहायक सिद्ध हुई थी। उन्होंने सिरख शासकों की सहायता से अम्बाला में एक बड़ी सेना इकट्ठी करके करनाल व पानीपत के रास्ते दिल्ली की रिज पर पड़ाव लगा लिया था और चार मास तक सेनानियों से युद्ध करके सितम्बर 1857 में दिल्ली पर दोबारा कब्जा कर लिया था।



करनाल कैंट का चर्च टॉवर जोकि 1830 के आसपास अंग्रेजों द्वारा बनाया गया था।

## काव्य संग्रह 'अस्मिता' के अनुवाद से पवन गहलोत ने बनाई पहचान



आजकल प्रसिद्ध साहित्यिक कृतियों का क्षेत्रीय भाषाओं मैं अनुवाद होने लगा है। इसी कड़ी में रोहतक के उभरते लेखक और अनुवादक पवन गहलोत ने हरियाणा साहित्य अकादमी की पूर्व अध्यक्ष डॉ. मुक्ता की पुस्तक 'अस्मिता' का हरियाणवी में अनुवाद करके इस क्षेत्र में अपने शहर का नाम दिल्ली में आयोजित होने वाले विश्व पुस्तक मेले तक पहुंचाया है। इस काव्य संग्रह की अधिकतर कविताएं नारी सशक्तिकरण का संदेश देती हैं। इसकी कुछ कविताओं में पौराणिक संदर्भों का भी जिक्र है जिनकी अनुवाद आमतौर पर जटिल समझा जाता है। दिल्ली में आयोजित विश्व पुस्तक मेले में यूनिक फील प्रकाशन के प्रधान संपादक प्रशांत श्रीवास्तव के साथ इस काव्य संग्रह और अनुवाद के बारे में चर्चा के दौरान पवन गहलोत ने बताया कि अनुवाद के द्वारा किसी भी साहित्यिक कृति के पाठकों का दायरा बढ़ता है। आने वाले समय में अनुवाद के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। वे कहते हैं कि अनुवादक का कार्य चुनौती भरा होता है लेकिन एक समर्पित अनुवादक सतत परिश्रम और धैर्य का परिचय देते हुए किसी एक भाषा के साहित्य को दूसरी भाषा के पाठकों के लिए सुलभ करवाता हैं।




कविता

कुमार



## मां-बाप का प्यार

माँ-बाप का प्यार सच्चा होवे,
जग में इन जैसा ना कोई होवे।
माँ के आँचल तले सुख ही सुख,
पिता की छाया ज्यों पेड़ की छुक।

माँ के हाथ की रोटी मिट्ठी,
पिता की मेहनत हर दिन सच्ची।
माँ की गोदी जन्नत लागे,
पिता बिना दिल वीरान भागे।

माँ के आँसू मोती जैसे,
पिता के सपने सोने जैसे।
माँ के आँचल की ठंडक न्यारी,
पिता की सीख बिना जीवन भारी।

माँ हर दुख को खुद सह ले,
पिता छाया बनकर रह ले।
माँ की दुआएं साथ निभावे,
पिता की मेहनत रंग दिखावे।

माँ-बाप रोवें तो दिल दुखे,
बिन इनके जीवन अधूरे लगे।
इनकी सेवा जो भी जन करे,
उसका घर भी स्वर्ग बने।

जो माँ-बाप की कदर न जाने,
वो जीवन भर पछतावे।
इनकी दुआ से ही सुख आए,
हर मुश्किल राह आसान हो जाए।

यो जन्म पहला हो या आखरी,
कुमार ने दुआ बस एक करी,
चाहे भगवन जिंदगी दिए दो पल की,
मात-पिता ने खुशियाँ दिए जीवन भर की।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

दृष्टिकोण

**विज्ञान और आयुर्वेद दोनों में ही धोती पहनने को स्वास्थ्य और शरीर की ऊर्जा संतुलन के लिए माना गया है अत्यंत लाभकारी**



# परंपरा ही नहीं, स्वास्थ्यवर्धक भी है धोती पहनना

परिधान

डॉ. आशा कुमारी

जब मैं 'जेंटलमैन' शब्द कहती हूँ, तो आपके दिमाग में कौन-सी छवि उभरती है? लगभग सभी लोगों के लिए यह एक स्मार्ट, आधुनिक व्यक्ति होगा, जो थ्री-पीस सूट और टाई पहने हुए होगा। यदि हम 'जेंटल' शब्द का अनुवाद देखें, तो इसका अर्थ 'कोमल' होता है। फिर हमने इस शब्द को केवल एक पश्चिमी पोशाक से क्यों जोड़ दिया, जबकी यह वास्तव में एक व्यक्तित्व गुण को दर्शाता है? तकनीकी रूप से, 'जेंटलमैन' शब्द को हर सभ्यता में अलग-अलग परिधानों में प्रस्तुत किया जा सकता है। तो कभी-कभी मैं सोचती हूँ कि बच्चों की किताबों में एक पगड़ी, कुर्ता और धोती पहने व्यक्ति को 'जेंटलमैन' के रूप में क्यों नहीं दर्शाया जाता?

मैं इस लेख के माध्यम से धोती पहनने के वैज्ञानिक लाभों पर प्रकाश डालना चाहती हूं। हालांकि भारत के कुछ हिस्सों में इसे आज भी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में पहना जाता है, लेकिन हरियाणा में यह सिर्फ़ पुरानी पीढ़ी की एक बीती कहानी बनकर रह गई है। गाने और फ़िल्में भी इस परंपरा को दोबारा जीवंत नहीं कर पा रहे हैं। भारत में धोती सांस्कृतिक धरोहर नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक रूप से संतुलित पोशाक भी है, जो शरीर को प्राकृतिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करती है। यह हजारों वर्षों से भारतीय पुरुषों द्वारा पहनी जाती रही है, चाहे वह संत-महात्मा हों, विद्वान हों या फिर किसान।

विज्ञान और आयुर्वेद दोनों ही धोती पहनने को स्वास्थ्य और शरीर की ऊर्जा संतुलन के लिए लाभकारी मानते हैं। आधुनिक पैंट या जींस टाइट फिटिंग के कारण शरीर के निचले हिस्से में रक्त संचार को बाधित कर सकती हैं। लेकिन धोती ढीली होती है और शरीर को पूरा आराम देती है, जिससे रक्त का प्रवाह सुचारू रूप से चलता रहता है। यह विशेष रूप से उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो लंबे समय तक बैठकर काम करते हैं या ज्यादा चलने-फिरने वाले कार्यों में लगे होते हैं। धोती प्राकृतिक रूप से शरीर को ठंडा रखती है। भारत जैसे गर्म और आर्द्र जलवायु वाले देश में यह शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में सहायक होती है। वैज्ञानिक दृष्टि से देखा जाए तो पुरुषों के लिए अधिक टाइट कपड़े पहनना उनके प्रजनन स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। टाइट पैंट या अंडरगारमेंट्स अंडकोष के तापमान को बढ़ा सकते हैं, जिससे शुक्राणु उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। धोती पहनने से यह समस्या नहीं होती, क्योंकि यह शरीर के निचले हिस्से को खुला और हवादार बनाए रखती है, जिससे प्रजनन स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है। यह पसीने को जल्दी सोख लेती है और त्वचा संक्रमण से बचाव करती है। धोती पहनने से रैशेज़ और फंगल इंफेक्शन जैसी समस्याएं भी कम होती हैं। एक नए सर्वेक्षण के अनुसार, जिसमें 2,000 ब्रिटिश पुरुषों को शामिल किया गया, टाइट फिटिंग जींस पहनने से मूत्र संक्रमण (यूटीआई), वैरिकोसील, अंडकोष के मुड़ने, मूत्राशय की कमजोरी और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। 2013 की एक समीक्षा के अनुसार, टाइट कपड़े पहनने से मेराल्जिया पैरास्टेटिका नामक रीढ़ की हड्डी की एक नस दबने की समस्या हो सकती है। यह स्थिति जांघ के किनारे सुन्नपन, झनझनाहट और दर्द का कारण बन सकती है। भारत जैसे गर्म और आर्द्र जलवायु वाले देश में सूती वस्त्र सबसे अधिक आरामदायक और त्वचा के लिए अनुकूल माने जाते हैं। सूती कपड़ा नरम और हल्का होता है, जो त्वचा के लिए आरामदायक रहता है। यह किसी भी प्रकार की जलन, खुजली या एलर्जी नहीं पैदा करता, इसलिए संवेदनशील त्वचा वाले लोगों के लिए सबसे अच्छा विकल्प है। सूती कपड़ा गर्मी के मौसम में शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है। यह हवा को पास होने देता है, जिससे त्वचा को ताजगी महसूस होती है और पसीना जल्दी सूख जाता है। कृत्रिम कपड़ों की तुलना में सूती कपड़ा बैक्टीरिया और फंगल संक्रमण से बचाव करता है। यह हानिकारक केमिकल्स से मुक्त होता है, जिससे त्वचा की सुरक्षा बनी रहती है। सूती कपड़ा प्राकृतिक रूप से उपलब्ध होता है और पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाता। यह बायोडिग्रेडेबल होता है और प्लास्टिक या सिंथेटिक कपड़ों की तरह प्रदूषण नहीं फैलाता।



आजकल फैशन और कम लागत के कारण सिंथेटिक (कृत्रिम) कपड़े और रासायनिक रंगों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। हालांकि, ये कपड़े और रंग हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं। सिंथेटिक कपड़े मुख्य रूप से नायलॉन, पॉलिएस्टर, रेयान और ऐक्रेलिक जैसे कृत्रिम रसायनों से बनाए जाते हैं, जो त्वचा और शरीर पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। इसके अलावा, कपड़ों में इस्तेमाल होने वाले रासायनिक रंग (डाई) भी कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं जैसे एलर्जी और खुजली, एक्जिमा और संपर्क डर्मेटाइटिस, फंगल संक्रमण, अस्थमा, हार्मोन असंतुलन और कैंसर आदि। धोती शरीर को मुक्त रखती है और नसों तथा मांसपेशियों को प्राकृतिक रूप से आराम देती है।

धोती के कुछ और फायदे भी हैं, जैसे इसे सीलने की कोई ज़रूरत नहीं होती क्योंकि आप इसे खुद लपेटते हैं। यह पूरी तरह से व्यक्तिगत (सुपरपर्सनलाइज़्ड) होती है। भरपेट भोजन के बाद कमर कसने की चिंता करने की भी ज़रूरत नहीं पड़ती। आज के दौर में लोग धोती को पुरानी सोच से जोड़कर देखते हैं, लेकिन इसके वैज्ञानिक लाभों को समझने के बाद इसे फिर से अपनाने की जरूरत है। आधुनिकता की दौड़ में हमें अपनी पुरानी परंपराओं को पूरी तरह से छोड़ना नहीं चाहिए, बल्कि उनके वैज्ञानिक पहलुओं को समझकर उन्हें फिर से अपनाने का प्रयास करना चाहिए। धोती पहनना सिर्फ एक सांस्कृतिक परंपरा नहीं, बल्कि विज्ञान-सम्मत, स्वास्थ्यवर्धक और सुविधाजनक विकल्प भी है।

# सिनेमा को दर्शकों और सरकार का चाहिए सहयोग : संगीता

कलाकार

डॉ. तबस्सुम जहां

हरियाणवी सिनेमा में संगीता देवी किसी परिचय की मोहताज नहीं है। अपनी ग़ज़ब की अदाकारी से हरियाणवी सिनेमा में छा जाने वाली यह अभिनेत्री अब तक की 54 फिल्मों और वेबसीरीज़ के साथ-साथ 7 बॉलीवुड और एक पंजाबी फिल्म कर चुकी हैं। बॉलीवुड फिल्म 'हरियाणा' और पंजाबी फिल्म कुड़ी हरियाणे वाली, स्टेज ऐप पर 'चंद्रो का चूल्हा' में उनके 3 एपीसोड हैं। संगीता देवी ने हरियाणवी परिधान में स्टेज ऐप पर हरियाणवी संस्कृति और पहनावा दोनों को प्रमोट किया है। इनकी आने वाली फिल्मों में अग्निवीर जैसे कई नाम हैं। इन सबसे अलग उनकी पेंटिंग की दुनिया है। क्राफ्ट और पर्यावरण के लिए समर्पित इन्होंने 3000 से ज्यादा पेड़ लगाए हैं। इसके अलावा कला जीवन समिति के तहत आर्ट वर्कशॉप, गरीब बच्चों की पढ़ाई में हर संभव सहायता करना, हरियाणवी खानपान और पहनावे को बढ़ावा देना ही उनका मुख्य उद्देश्य है।



संगीता देवी का जन्म हरियाणा के भिवानी जिले के गांव बामला में हुआ। इनके पिता गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल में अध्यापक थे। दादी का हरियाणवी क्राफ्ट बहुत अच्छा था। उनके प्रभाव से ही संगीता ने भजन, कीर्तन, शादी-ब्याह के गीत, जकड़ी, त्यौहार के गीत सब उनके साथ रहकर सीखे। 10वीं के बाद शादी हो गई और पढ़ाई पर भी रोक लग गई थी। शादी के बाद उनके जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव आए। आर्थिक विसंगति से जूझते हुए शादी के बाद नेशनल ओपन से 12वीं पास की। आदर्श महिला महाविद्यालय से बीए-बीएड की। इन्होंने एंडी हरियाणा टीवी चैनल से जुड़कर अनेक गीत करने के अवसर मिले। वह धीरे-धीरे फिल्म लाइन से भी जुड़ गई। इनकी अभिनय की शुरुआत डायरेक्टर संदीप बसवाना की बॉलीवुड फिल्म 'हरियाणा' से हुई। हरियाणवी सिनेमा में आए उतार-चढ़ाव के संबंध में पूछने पर संगीता देवी का मानना है कि हरियाणा में फिल्म 'चंद्रावल' की धूम आज भी है। उसके बाद दर्जनों फिल्में आई। इनमें कुछ उम्दा भी रहीं लेकिन कोई भी फिल्म जनता का ध्यान नहीं खींच पाई। एक लंबे अर्से के बाद हरियाणवी संस्कृति एक बार फिर से जी उठी, जब यशपाल शर्मा ने ऐतिहासिक फिल्म 'दादा लखमी' बनाई। स्टेज एप पर अपने काम करने के अनुभव के बारे में संगीता देवी बताती हैं कि उन्होंने स्टेज ऐप के साथ काफी प्रोजेक्ट किए हैं जैसे चंद्रो का चूल्हा, ओपरी पराई, जिद, गौरव की स्वीटी, रंडुआ रामफल आदि। वे बताती हैं कि स्टेज एप के साथ काम करने का उनका बहुत अच्छा अनुभव रहा है। सरकार फिल्म बनाने के लिए जो पॉलिसी लेकर आई है उसके संदर्भ में संगीता का मानना है कि इसका लाभ अभी तक किसी को नहीं मिला है। जब मिलना शुरू होगा तो लोग और अच्छा काम कर पाएंगे। प्रोड्यूसर भी पैसा लगाने से घबराएंगे नहीं। इसके ज़रिए हरियाणवी फिल्मों का एक सुखद भविष्य देखा जा सकता है। उन्हें यक़ीन है कि यदि सरकार सहायता करती है तो जरूर बदलाव ज़रूर आएंगे। आने वाले समय में संगीता देवी हरियाणवी सिनेमा को एक बदलाव के रूप में देख रही है। उनका मानना है कि अब लोग जागरूक हो रहे हैं बिना किसी चमक धमक के रियल काम हो रहा है। संस्कृति के साथ संस्कारों की बात हो रही है। आने वाला समय वह काफ़ी अच्छा देख पा रही हैं। हरियाणवी में फिल्में तो बन रही हैं लेकिन थियेटर में लोगों के न आने के क्या कारण हैं, इस पर संगीता देवी ने बताया कि इसे जनता में जागरूकता की कमी कहें या लोगों का सुविधा भोगी, कुछ भी कहना मुश्किल है। आजकल इतने ओटीटी प्लेटफार्म मिल गए हैं उनसे घर बैठे फोन में ही सब कुछ दिख रहा है। लोगों को घरों से बाहर निकालने के लिए अच्छे कॉन्सेप्ट चाहिए। अच्छे प्रचार की भी आवश्यकता है। अच्छी फिल्मों के साथ-साथ अच्छा प्रचार भी चाहिए।





### थियेटर के प्रति दर्शकों का रुझान कम

अभिनेत्री संगीता देवी का मानना है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म आने से थियेटर के प्रति दर्शकों का रुझान कम हो रहा है। जब बहुत सारे ओटीटी प्लेटफार्म होते हैं तो लोग फिर सुविधाएं देखने लगते हैं। ओटीटी प्लेटफार्म पर फिल्म हो या वेबसीरीज़, घर बैठे देखने को मिल जाती हैं। दर्शकों का रुझान कुछ समय के लिए कम हो सकता है पर ख़त्म जैसी कोई बात नहीं है। आज भी लोग काफी संख्या में फिल्में सिनेमा घर में देखते हैं। लोगों के स्पोर्ट और सरकार की सहायता से कुछ और अच्छे प्रयास करने जरूरी हैं जिनसे लोग घरों से निकलने को मजबूर हों।

## खबर संक्षेप


खरखौदा। हवन यज्ञ में शामिल ग्रामीण

### नशा मुक्त खरखौदा के दृष्टिगत हुआ कार्यक्रम

**खरखौदा।** गुरुकुल बरोणा द्वारा नशा मुक्त खरखौदा नशा मुक्त हरियाणा पूर्ण शराबबंदी को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गांव थाना खुर्द में कार्यक्रम किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत हवन के द्वारा की गई । गांव सरपंच सहित ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से इस हवन में भाग लिया ।। कार्यक्रम का प्रयोजन समाज में बढ़ता शराब का नशा जो हमारे समाज के भविष्य को अंधकार में लेकर जा रहा है। लोगों को उसके प्रति जागरूक करके, समाज के अंदर इसको समाप्त करना था। हवन के उपरांत आचार्य प्रदीप ने कहा कि समाज में बढ़ता नशा पूर्ण रूप से हमारे पतन का कारण है। नशे के कारण हमारे समाज में हिंसा और चोरी जैसी वारदातें बढ़ती जा रही है। नशे के कारण समाज में अराजकता का माहौल पैदा हो रहा है। नशे को अगर समय रहते समाप्त नहीं किया गया तो आने वाले समय में यह हमारी संतानों और युवाओं के भविष्य के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। हम सभी को मिलकर समाज में बढ़ते नशे को समाप्त करके एक सभ्य समाज का निर्माण करना चाहिए। थाना खुर्द के ग्रामीणों ने इस अभियान में पूर्ण समर्थन देकर शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधान जगबीर, मनीष आर्य, पवन, मास्टर अशोक, शिव पाराशर, गौतम, सुरेंद्र सैनी, सुंदर लाल और अन्य गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे ।

### सफलता प्राप्ति के लिए मेहनत आवश्यक : रीना


गोहाना। परीक्षा देते हुए विद्यार्थी।

**गोहाना।** मेहनत के अलावा सफलता प्राप्ति का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। जो विद्यार्थी दृढ़ संकल्प के साथ मन लगाकर पढ़ाई करते हैं वे एक दिन अवश्य सफल होते हैं। यह बात गोहाना-जींद मार्ग स्थित नालंदा इंटरनेशनल स्कूल की एमडी रीना मलिक ने कही। वे स्कूल में आयोजित स्कॉलरशिप प्रवेश परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों को मेहनत के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित कर रही थीं।

नालंदा इंटरनेशनल स्कूल में स्कॉलरशिप कम प्रवेश प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य सुभाष कुमार यादव ने की। परीक्षा में कक्षा दूसरी से कक्षा 12वीं तक के तीन सौ विद्यार्थी बैठे। स्कूल की एमडी रीना मलिक ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनको अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, मेहनत और लक्ष्य के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ये सभी गुण सफलता के मार्ग को प्रशस्त करते हैं।

### विधायक ने किया चौपाल का उद्घाटन



**खरखौदा।** विधायक पवन खरखौदा ने रविवार को गांव पिपली में एससी चौपाल का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने विकास योजनाओं को गांव और गलियों तक पहुंचाने का कार्य किया। जिन गांवों में कभी लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसते थे आज वहां पर अनेकों विकास योजनाएं लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के प्रयासों से ही इस एरिया में मारुति प्लांट की सौगात मिली है। मौके पर जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया, ब्लॉक समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र दहिया, पीपली गांव की सरपंच सोनिया गॉड, मंडल अध्यक्ष नरेश पाराशर मौजूद रहे।

## सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल' का वार्षिक समारोह

# छात्रों ने मित्रता गीत, वृक्षों के बचाव पर नाटक प्रस्तुत करके किया जागरूक

- विद्यालय प्रबंधक सुखप्रिय व प्रेमबाला ने दीप प्रज्ज्वलित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सरस्वती शिक्षा संस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल' सोनीपत (एस-7) के प्रांगण में रविवार को वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के द्वारा प्रस्तुत किया। सर्वप्रथम विद्यालय प्रबंधक समिति व मुख्य अथितिगण को तिलक, फूल मालाएं, बुके प्रदान कर सम्मान किया गया। तत्पश्चात विद्यालय प्रबंधक सुखप्रिय शास्त्री व प्रेमबाला द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्याध्यपिका रीटा तनेजा के प्रेरक भाषण के द्वारा किया गया। क्रमशः पीपी 1, पीपी 2, पीपी 3 के छात्रों द्वारा मित्रता गीत, वृक्षों के बचाव पर नाटक प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात कक्षा प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ कक्षा के छात्रों के द्वारा देशभक्ति नृत्य, स्वच्छ भारत, हनुमान नाटक, योगा, मोबाइल सदुपयोग पर प्रस्तुतियां दी गयी। प्राचार्या मधु ने प्रेरक भाषण दिया। अंत में प्रबंधक सुखप्रिय शास्त्री, प्रेमबाला, निदेशक दीपक कुमार, प्राचार्या मधु, निदेशक विकास, प्राचार्या नम्रता, मुख्याध्यपिका रीटा तनेजा ने अतिथियों का आभार प्रकट किया।


सोनीपत। आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

## ब्राइट स्कॉलर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विदाई समारोह



सोनीपत। विदाई समारोह के दौरान उपस्थित छात्र एवं विद्यालय स्टाफ।

### 12वीं के विद्यार्थियों को दी भावपूर्ण विदाई

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर सीनियर सैकेंडरी स्कूल ने कक्षा 12 के छात्रों को विदाई देने के लिए एक भावपूर्ण विदाई पार्टी का आयोजन किया। जिसे कक्षा 11 के छात्रों ने अपने वरिष्ठों के लिए आयोजित किया था। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 11 के छात्रों द्वारा प्रस्तुत मधुर स्वागत गीत के साथ हुई। विभिन्न प्रस्तुतियों से एक भावनात्मक एवं उत्सव का माहौल बन गया। मंत्रमुग्ध कर देने वाले नृत्य प्रदर्शनों से लेकर भावपूर्ण स्वागत गीत तक, उनके हाव-भाव ने इस विदाई को वास्तव में यादगार बना दिया। स्कूली जीवन पर एक नाटक से सभी ने कुछ यादों को ताजा किया। समारोह में मिस्टर फेयरवेल निश्चय अरोड़ा तो मिस फेयरवेल का ताज आस्मी के सिर सजा। प्रधानाचार्य डॉ. किरण दलाल ने निवर्तमान बैच को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं, तथा उन्हें आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ भविष्य की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शानदार कार्यक्रम के आयोजन में कक्षा 11 के विद्यार्थियों की लगन और प्रयासों की भी सराहना की। इसके बाद, शिक्षकों ने अपने अनुभव सांझा किए।


सोनीपत। यमुना को नमन करते हुए भाजपा नेता राजीव जैन एवं अन्य।

# दिल्ली को आप से मुक्त करने के लिए यमुना को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- यमुना के श्राप से आप पार्टी का हुआ सूपड़ा साफ़ : राजीव जैन

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने बागपत गौरीपुर के निकट गढ़ मिरकपुर के यमुना घाट पर जाकर पूजा अर्चना कर दिल्ली को आप के पाप से मुक्त करने के लिए यमुना मैया को नमन किया और दिल्ली में पूर्ण बहुमत से भाजपा की सरकार बनाने के लिए यमुना मैया की जय जय कार के नारे भी लगाए। उन्होंने विश्वास जताया कि दिल्ली की जनता को अब यमुना का साफ़ जल उपलब्ध होगा।

### यमुना के जल का किया आचमन

गौरतलब हो कि आप पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा वासियों पर यमुना नदी के पानी में जहर मिलाकर पानी दिल्ली को सप्लाई करने के आरोप लगाए थे, जिसके बाद राजीव जैन ने सोनीपत की सीमा के अंतिम गांव दहिसरा में यमुना के जल का आचमन करके करारा जवाब दिया था और उसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जल का आचमन करने के बाद इस मुद्दे को लेकर ताबड़तोड़ रेलिया की जिससे माहौल भाजपा के पक्ष में बन गया।

राजीव जैन ने कहा कि केजरीवाल ने अपनी स्पष्ट हार को देखते हुए यमुना मैया को राजनीति में घसीटने का कुत्सित प्रयास किया जिसके श्राप ने आम पार्टी के किले को ध्वस्त करके रख दिया और 27 वर्षों के बाद भाजपा को शानदार सत्ता में वापसी का फल दिया। उन्होंने कहा कि आप पार्टी की करारी हार ने साबित कर दिया है कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ा करती और देश से भ्रष्टाचार को खत्म करने के मुद्दे को लेकर पार्टी ने सत्ता में आते ही भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इस अवसर पर राजीव जैन के साथ सुरेंद्र खत्री, सुरजीत दहिया, जसवीर मलिक, रविंदर डागर, नरेंद्र जोगी, अमित जैन मुख्य रूप से साथ रहे।

# स्वयंसेविकाओं को करवाया भठगांव में ऑक्सीजन बाग का भ्रमण


सोनीपत। ऑक्सीजन बाग में पहुंचीं टीकाराम कन्या महाविद्यालय की छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

टीकाराम कन्या महाविद्यालय में रविवार को एनएसएस की यूनिट एक व दो द्वारा लगाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेविकाओ को गांव भठगांव में आक्सीजन बाग का भ्रमण करवाया गया। हरियाणा ट्रीमैन देवेंद्र सूरा ने स्वयंसेविकाओ को पेड़ों का महत्व बताते हुए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण की प्रेरणा दी। साथ ही स्वयंसेविकाओं द्वारा पौधारोपण किया गया। आक्सीजन बाग में सफाई की गई।

कॉलेज प्राचार्या गीता व एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर दीपशिखा व डा. आशा रानी ने स्वयंसेविकाओं को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। जिससे पर्यावरण स्वच्छ बना रहे। इस कैम्प के दौरान 107 स्वयंसेविकाओं की प्रतिभागी रही।

# स्टैनफोर्ड स्कूल में आयोजित की गई छात्रवृत्ति परीक्षा



खरखौदा। छात्रवृति परीक्षा देने पहुंचे विद्यार्थी।

**खरखौदा।** रविवार को थाना खुर्द स्थित द स्टैनफोर्ड स्कूल में पहली से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के बीच छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें लगभग 160 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इस परीक्षा में हिंदी, अंग्रेजी ,गणित और सामान्य विज्ञान विषय को सम्मिलित किया गया था। विद्यालय चेयरमैन उत्सव दहिया, विद्यालय निदेशिका पूजा दहिया और प्रधानाचार्य संजीत कुमार नैन ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए हमें इस तरह की परीक्षाएं देते रहना चाहिए। यह आवश्यक नहीं कि हम प्रत्येक परीक्षा में उत्तीर्ण हों।

यह हमारी बुद्धि को मापने का तरीका ही नहीं, बल्कि अन्य जगहों पर जाकर वहां के वातावरण को देखना और ज्ञानवर्धक जीवन को जीना सीखना जरूरी हो जाता है। अनुशासन की प्रेरणा लेकर ही जीवन में सफलता हासिल कर सकते है । परीक्षा के परिणाम आने पर विजेता बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।

## आर्य समाज मंदिर में हवन

# संबंधों में मधुरता के लिए श्रद्धा जरूरी : ओमप्रकाश

- मासिक वैदिक सत्संग समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना


गोहाना। समारोह में प्रवचन करते हुए वक्ता।

शहर में गुढ़ा रोड स्थित आर्य समाज मंदिर में मासिक वैदिक सत्संग समारोह आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ हवन के साथ हुआ। हवन में श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चारण के साथ आहुतियां डाली। मुख्य वक्ता पानीपत से वैदिक विद्वान आचार्य ओमप्रकाश ने कहा कि संबंधों में मधुरता रिश्तों को मजबूत बनाती है। इसके लिए हर रिश्ते में एक दूसरे के प्रति श्रद्धा का भाव होना जरूरी है। वह श्रद्धा ही है जो रिश्तों को एक मजबूत बंधन में बांधे रखती है। समारोह से पहले मंदिर परिसर में हवन किया गया। हवन अजीत आर्य के ब्रह्मत्व में सम्पन्न हुआ। विजेन्द्र आर्य ने भजनों की मनमोहक प्रस्तुति से समारोह को ईश्वर की भक्ति के रंग में रंग दिया। सत्संग समारोह की अध्यक्षता आर्य समाज गोहाना मंडी इकाई के अध्यक्ष धर्मपाल आर्य ने की। समारोह में पं. बिजेन्द्र आर्य, मास्टर प्रदीप आर्य, राजदेव आर्य, सत्यवीर आर्य, रामचन्द्र लठवाल, जेई रामपाल, जयपाल आर्य, सत्यनारायण आर्य और लहणा सिंह मोर उपस्थित रहे।

## भगत फूल सिंह महिला विवि में विस्तृत व्याख्यान

# उपयोगी सिद्ध हो रही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी



गोहाना। अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

- टेक्नोलाजी के साथ अपडेट करना जरूरी : कुलपति प्रोफेसर सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस व इनफार्मेशन टेक्नोलाजी विभाग में विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इनफार्मेशन टेक्नोलाजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स फार टीचिंग लर्निंग विषय पर मुख्य वक्ता नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्निकल टीचर ट्रेनिंग एंड रिसर्च चंडीगढ़ से प्रोफेसर डा. मैत्रेयी दत्ता ने छात्राओं को संबोधित किया। डा. दत्ता ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी हमारे लिए उपयोगी सिद्ध हो रही है। तकनीक इतनी एडवांस हो गई है कि हमारी जीवन शैली को बहुत आसान कर दिया है। उन्होंने चेट, जीपीटी, वीबीए कोड को स्थापित करना, गामा एप्लीकेशन, ओपन ब्राडकास्ट स्टूडियो, ओबीएस साफ्टवेयर के बारे में विस्तार से बताया। डा. दत्ता ने कहा कि ये सारे तकनीकी माध्यम शोधार्थियों के लिए उपयोगी हैं और इनसे शिक्षकों को अपने शिक्षण कौशल को बढ़ाने में मदद मिलेगी। विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि टेक्नोलाजी के साथ खुद को अपडेट करना जरूरी है। आधुनिकता की दौड़ में टेक्नोलाजी ही हमें जमाने के साथ रखती है। उन्होंने छात्राओं से अधिक से अधिक शोध कार्य करने का आह्वान किया। संयोजन कम्प्यूटर साइंस विभाग की अध्यक्ष डा. सोनल बेनीवाल ने किया। अध्यक्षता इंजीनियरिंग फैकल्टी के डीन प्रो. विजय नेहरा ने की। मौके पर डा. सुनीता, डा. विनोद सरोहा मौजूद रहे।

# हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए थे चापेकर बंधु


गोहाना। बालकृष्ण चापेकर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते नागरिक। फोटो : हरिभूमि

- चोपड़ा कालोनी में बालकृष्ण चापेकर के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शहर में चोपड़ा कालोनी में बालकृष्ण चापेकर के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बलिदानी भगत सिंह युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपक पांचाल रहे।

पांचाल ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में चापेकर बंधुओ के रूप में पहली बार ऐसा हुआ था जब एक मां की तीन संताने अलग-अलग तिथियां में वंदे मातरम का जयघोष करते हुए हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर चढ़ गई थी। भगिनी निवेदिता ने चापेकर बंधुओ जैसे वीर सपूतों को जन्म दिया। दामोदर हरि चापेकर, बालकृष्ण हरि चापेकर और वासुदेव हरि चापेकर तीनों सगे भाई थे। क्रांतिकारी चापेकर बंधुओ के बलिदान ने आजादी की अलख जगाई। मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा कि तत्कालीन समय में महाराष्ट्र में प्लेग की बीमारी फैल गई थी। अंग्रेज मरीजों को बचाने के बहाने बहन बेटियों के साथ दुर्व्यवहार कर रहे थे। बालकृष्ण और दामोदर चापेकर ने जून 1897 में दो अंग्रेज अधिकारियों की हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड में बालकृष्ण को गिरफ्तार कर नौ फरवरी 1899 में फांसी पर लटका दिया। इस मौके पर सुनील कादियान, एडवोकेट अनुरोध सहरावत, अनुराग शर्मा, उज्जवल शर्मा, तुषार, जतिन, प्रियांशु सैनी, धीरज चांदीवाल, रितिक, पुष्पेंद्र, निर्भय, अर्नव, शानशी रहे।

## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी करने के दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** मोहाना थाना पुलिस ने बाइक चोरी कराने के दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित गांव सलीमपुर ट्राली निवासी प्रवीन व अंकित है। गांव जटमाजरा निवासी सुखबीर ने 26 जनवरी को शिकायत दी थी कि वह 26 जनवरी को खिजरपुर जटमाजरा मोड़ के पास खाना लेकर आए थे। डेढ़ घंटे बाद उनकी उनकी वहां से गायब मिली थी। इस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। अब पुलिस ने आरोपी प्रवीन व अंकित को गिरफ्तार कर उनसे चोरी की गई बाइक को बरामद कर लिया है। उन्हें अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### ढाबे के जनरल स्टोर से 22 बोतल अवैध शराब बरामद

**सोनीपत।** मुरथल के एक ढाबा स्थित जनरल स्टोर पर अवैध रूप से शराब बेचने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मौके से 22 बोतल शराब की मिली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मुरथल थाना में नियुक्त हवलदार रोहित ने पुलिस को बताया कि वह टीम के साथ भिगान चौक पर मौजूद थे। तभी उन्हें सूचना मिली के प्रिंस ढाबे पर स्थित जनरल स्टोर पर पूर्ण सिंह शराब को अवैध रूप से रखकर बेचता है। जिस पर पुलिस ने छापा डाला।

### श्री चंडी मां महाकाली प्राचीन मंदिर सिद्धपीठ का वार्षिक उत्सव

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

श्री चंडी मां महाकाली प्राचीन मंदिर सिद्धपीठ के 22वें वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ का आरंभ किया गया। मंदिर समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुरूआत रविवार को कलश यात्रा के साथ की गई। कलश यात्रा पंचायती ठाकुरद्वारा बड़ा हलवाई हट्टा से शुरू हुई। जोकि बड़ा बाजार से होते हुए छोटा हलवाई हट्टा, रामपत वाली धर्मशाला से आगे से होते हुए मंदिर परिसर में पहुंचीं। मंदिर परिसर में कलश यात्रा के पहुंचने के उपरांत भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्जवलन के उपरांत कथा वाचक आचार्य डॉ. रोहिताश भारद्वाज ने कथा का शुभारंभ किया। इस मौके पर प्रधान विनोद गुप्ता, महासचिव सुनील कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार कुच्छल, उपप्रधान देवेंद्र कुच्छल, सचिव पवन जिंदल व अन्य मौजूद रहे।


**सोनीपत।** कथा कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिला श्रद्धालुगण। फोटो :हरिभूमि

### 46 वां बृहद यज्ञ आयोजित

**सोनीपत।** वैदिक यज्ञ समिति सोनीपत के तत्वावधान में सप्त दिवसीय बृहद सामवेद यज्ञ और आध्यात्मिक सत्संग का 46 वां कार्यक्रम वेद विज्ञ आचार्य वेद पाल ब्रह्मत्व में 10 फ़रवरी से 16 फ़रवरी तक सामुदायिक केन्द्र सेक्टर 14 सोनीपत के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में मुख्य वैदिक प्रवक्ता आचार्य विष्णु मित्र वेदार्थी बिजनौर, भजनोपदेशक संगीत रत्न पण्डित दिनेश पथिक अमृतसर तथा वेदपाठी सुयोग्य ब्रह्मचारणीयों को आर्ष कन्या गुरुकुल महाविद्यालय देव नगर ओडिसा से जीवन निर्माण के वेदोपदेश हेतु आमन्त्रित किया गया है। समारोह में सोमवार से शनिवार तक सुबह और शाम यज्ञ, भजन और वेदोपदेश होगा। अन्तिम दिन रविवार को यज्ञ पूर्णाहुति, भजन और वेदोपदेश का कार्यक्रम रहेगा तथा समापन के पश्चात प्रसाद रूप में ऋषि लंगर अर्थात भंडारे के वितरण की समुचित व्यवस्था रहेगी।



### भगवान लक्ष्मीनारायण का पूजन, करवाया यज्ञोपवीत संस्कार

**सोनीपत।** श्री बगलामुखी विष्णेश्वर महादेव मंदिर चेरिटेबल सोसायटी मोहननगर में माघ शुक्ल पक्ष द्वादशी के मौके पर भगवान लक्ष्मी नारायण का पूजन किया गया। पूजन के उपरांत सामुहिक रूप से ब्राह्मण बालक को यज्ञोपवीत (जनेऊ) संस्कार करवाया गया। इस दौरान 21 ब्राह्मण भोजन तथा भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर के प्रधान गुंजन पाठक, संस्थापक इन्दकला देवी, व्यवस्थापक पंडित राम कृष्ण पाठक, विवेक खन्ना, कनहैया झा, संतोष ठाकुर, जानकी झा, गोपाल पाठक, सौरभ, गौरव, देवकृष्ण आदि उपस्थित रहे।

## चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन


**गन्नौर।** विदाई समारोह में छात्रों के साथ स्कूल प्रधानाचार्य निधि जैन ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

■ विदाई समारोह में छात्रों ने अपने सीनियर को विद्यालय की तरफ से उपहार भेंट किए

चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल शेखपुरा में विदाई समारोह का आयोजन किया गया । जिसमें कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को विदाई दी । विद्यालय के निदेशक अजय यादव, प्रधानाचार्या निधि जैन ने छात्रों के साथ मां सरस्वती की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया शुभारंभ किया 1 तत्पश्चात कक्षा 9वी के छात्र तथा छात्राओं ने नृत्य, गायन, भाषण, नाटक आदि अनेक रंगारंग कार्यक्रम किए 1 सभी कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को विद्यालय की तरफ से कुछ उपहार भी भेंट किए गए 1 प्रधानाचार्य ने कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा उनकी आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी 1 निदेशक अजय यादव ने कहा कि यह सफर आपका अंतिम सफर नहीं है बल्कि आप नई शुरूआत के लिए कदम बढ़ाने जा रहे हैं, मेरी शुभकामनाएं सदैव आपके साथ है। उज्जवल भविष्य की कामना करते सफलता के गुर सिखाए। इन्होंने बताया कि मन लगाकर पढ़ाई करने एवं परीक्षा में समय उपस्थित होकर अपने पूरे ज्ञान का उपयोग करने से आपके प्रतिभा का मूल्यांकन होगा. सभी विद्यालय परिवार इस पल का हमेशा याद रखेंगे। बच्चों के द्वारा छोड़े गए छाप एवं शिक्षकों के योगदान की भी चर्चा की।

# ब्लॉक समिति चेयरमैन ने विधायक से की मुलाकात, विकास कार्यों पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

नवनिर्वाचित ब्लॉक समिति चेयरमैन अनिल कुमार ने समिति सदस्यों के साथ हलका विधायक देवेंद्र कादियान के आवास पर सौहार्दपूर्ण मुलाकात कर सर्वसम्मति से चेयरमैन चुने जाने पर विधायक का धन्यवाद किया।

चेयरमैन अनिल कुमार ने बताया कि विधायक देवेंद्र कादियान के मार्गदर्शन व सहयोग से विकास कार्यों में तेजी लाई जाएगी। सरकार की नीतियों का जनता तक लाभ पहुंचाने का काम किया जाएगा। सरकार के साथ मिलकर विकास को गति देने का कार्य करेंगे। विधायक देवेंद्र कादियान ने नवनियुक्त ब्लॉक समिति चेयरमैन अनिल कुमार और वाइस चेयरमैन अरुण शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि सभी गांवों में समान विकास होगा। जनप्रतिनिधि सरकार के साथ मिलकर विकास कार्यों को और गति प्रदान करेंगे। उन्होंने समिति सदस्यों से कहा कि जो भी यहां की समस्याएं है उसे मेरे संज्ञान में लाया जाए, उन समस्याओं को विधानसभा में प्रमुखता से उठाकर उनका हल करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गन्नौर क्षेत्र के विकास कार्य में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे और उसके लिए हम सभी मिलजुल कर एकजुटता से कार्य करेंगे। सरकार की नीति के तहत बिना किसी भेदभाव के सभी गांवों में समान विकास राशि मुहैया करवाई जाएगी। इस मौके पर समिति सदस्य प्रतिनिधि संदीप पहल, हैप्पी त्यागी, प्रवीन कुमार, बादल पहलवान, अजय त्यागी ने चेयरमैन अनिल व वाइस चेयरमैन अरुण के निर्विरोध चुने जाने पर विधायक का आभार जताया।


**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान का नवनिर्वाचित ब्लॉक समिति चेयरमैन अनिल कुमार समिति सदस्यों के साथ आभार व्यक्त करते हुए। फोटो :हरिभूमि


**गन्नौर।** प्रधानाचार्य सुनील शर्मा व पूर्व प्राचार्य चंद्रप्रकाश कंबोज विदाई समारोह के दौरान छात्रों के साथ । फोटो :हरिभूमि

### विदाई समारोह में जूनियर ने सीनियर छात्रों को दी विदाई

गन्नौर। जेपी डीएवी पब्लिक स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें11वीं के छात्रों ने 12वीं विज्ञान व वाणिज्य और कलासंकाय वर्ग के छात्रों को विदाई दी। मिस फेयरवेल का खिताब पूर्ति और मास्टर फेयरवेल पारस ने हासिल किया। इसके साथ ही पंकज और यस पहल को स्पोर्ट्स स्टार घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 12वीं वर्ग के बच्चों ने वैदिक हवन करके किया। टाईटल सेरेमनी सभी को बहुत ही आकर्षक लगी। स्कूल प्राचार्य सुनील शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने जीवन में सफ़ल हो, अच्छे इंसान बने और अपने आप को शिष्टाचार में रखते हुए अपने मुकाम को हासिल करे। आप अपने उच्च पद को प्राप्त करें। स्कूल के पूर्व प्राचार्य चंद्रप्रकाश कंबोज भी विद्यार्थियों को अपना आशिर्वाद देने विदाई समारोह में शामिल हुए और विद्यार्थियों को अपने सम्बोधन में कहा कि इस समय आपका भविष्य खुले असमान की तरह होता हैं ,आप अपने आप को किसी भी तरह अपने आप को मोड़ सकते है और अपना मुकाम हासिल कर सकते हैं। उन्होंने छात्रों आह्वान करते हुए कहा कि वे जीवन में लक्ष्य बनाकर मेहनत करें, लक्ष्य बनाकर मेहनत करने वालों को जीवन में जरुर सफलता मिलती है ।समझ में जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर को स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया।

# देवकुल शिक्षा सदन के वार्षिक उत्सव में छात्रों ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम

■ खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया व प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन प्रधान सुशील त्यागी ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर


गन्नौर। प्रतिभागी छात्रों के साथ मुख्य अतिथि बीईओ आजाद सिंह व प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन प्रधान सुशील त्यागी व अन्य। फोटो :हरिभूमि

गन्नौर के ललहेड़ी रोड स्थित देवकुल शिक्षा सदन में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया व प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन प्रधान सुशील त्यागी ने शिरकत की । स्कूल पहुंचने पर स्कूल के निदेशक नीरज त्यागी ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की फोटो के समक्ष दीप प्रज्वलित करके की । स्कूल के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक, सामाजिक व नैतिकता का संदेश देने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किए।बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। खंड शिक्षा अधिकारी आजाद सिंह दहिया ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत संस्कृति कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों द्वारा प्रस्तुत कार्य कर्म ही दर्शाते हैं कि स्कूल में छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए बहुत मेहनत की जाती है। विद्यालय के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन व स्टाफ की सराहना की व नई शिक्षा नीति के महत्व व कार्यान्वन हेतु सभी स्कूलों को प्रेरित किया। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन प्रधान सुशील त्यागी ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं।

### दिल्ली ने पीएम मोदी की गारंटी को स्वीकारा : बड़ौक

**गोहाना।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरुण बड़ौक ने कहा कि दिल्ली चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत हासिल हुई है। इससे स्पष्ट है कि दिल्ली ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास की गारंटी को स्वीकारा है और केजरीवाल की झूठ व भ्रष्टाचार की राजनीतिक दुकान पर ताला लगाने का काम किया है। भाजपा की सरकार बनने से अब दिल्ली में आपदा का अंत होगा। अरुण बड़ौक ने कहा कि पीएम मोदी की नीतियों को जनता ने स्पष्ट जनादेश देकर साफ कर दिया है कि झूठ और भ्रष्टाचार की दुकान जदा दिन नहीं चलती। दिल्ली की जनता केजरीवाल की भ्रष्ट राजनीति को पहचान चुकी थी इसलिए उसने चुनाव में भाजपा के पक्ष में प्रचंड मतदान करके विकास के राह को चुना है। भाजपा नेता अरुण बड़ौक ने कहा कि केजरीवाल ने यमुना मां को भी अपमानित करने से नहीं छोड़ा। वे बोले कि भाजपा सब का साथ सब का विकास की नीति पर काम करती है। आज देश चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर है।


अरुण बड़ौक

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# सांस्कृतिक धरोहर को बचाना हमारी जिम्मेवारी : शर्मा

■ महिला विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय लोक कला उत्सव सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना






**गोहाना।** सहायक निदेशक रविंदर शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए प्रो. श्वेता सिंह व प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां व धर्मपुत्र कला मंच व हरियाणा कला परिषद के संयुक्त तत्वाधान में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के कला विकास योजना के अंतर्गत प्रायोजित व उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला के सहयोग से चल रहे तीन दिवसीय लोक कला उत्सव कार्यक्रम का रविवार को समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नार्थ जोन कल्चरल सेंटर पटिआला के सहायक निदेशक रविंद्र शर्मा थे। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति हमारी धरोहर है। उसको जीवित रखना हमारी जिम्मेदारी। आने वाली पीढ़ियों को अपनी धरोहर का ज्ञान होना जरूरी है। पढाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधि बहुत आवश्यक है। छात्राओं को किसी न किसी अन्य गतिविधि में शामिल जरूर होना चाहिए। इससे व्यक्तित्व का विकास होता है, और समानता की भावना आती है। धर्मपुत्र कला मंच के संस्थापक मनोज जाले ने छात्राओं से संवाद में कहा कि जिंदगी में रौनक कभी फीकी नहीं होनी चाहिए। पढाई के तनाव को कम करने के लिए आयोजित यह कार्यक्रम बहुत से रोगों का इलाज है। कुलपति प्रो सुदेश ने अपने संदेश में कहा कि इस कार्यक्रम से छात्राओं को न केवल मनोरंजन का अवसर मिला है बल्कि उनमें एक नई ऊर्जा का भी प्रवाह हुआ है। समारोह में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह, प्रो. अशोक वर्मा सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# दिल्ली ने भ्रष्टाचार को खत्म किया : धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



■ भाजपा नेता नरेंद्र धीमान ने जीत पर कार्यकर्ताओं को दी बधाई

भाजपा नेता नरेंद्र धीमान ने दिल्ली चुनाव में भाजपा की हुई प्रचंड जीत को लेकर कहा है कि भाजपा के कार्यकर्ताओ में खुशी की लहर है। दिल्ली में बीजेपी की जीत पर पार्टी शीर्षक नेताओ का अहम योगदान रहा है।

निकाय चुनाव में भी पार्टी पूर्ण बहुमत से जीत हासिल करेगी। भाजपा नेता नरेंद्र धीमान ने कहा की दिल्ली वालो के दिल मोदी है दिल्ली की जनता ने झूठ, धोखे और भ्रष्टाचार को ध्वस्त कर दिया है और दिल्ली को 'आप-दा' मुक्त करने का काम किया है। दिल्ली ने वादा खिलाफी करने वालों को ऐसा सिखाया है, जो देशभर में झूठे वादे करने वालों के लिए एक उदाहरण बनेगा। यह दिल्ली में विकास और विश्वास के नए युग की शुरुआत है। 'दिल्ली में झूठ के शासन का अंत हो चुका है, यह अहंकार और अराजकता की हार है। यह 'मोदी की गारंटी' और मोदी जी के विकास के विजन पर दिल्लीवासियों के विश्वास की जीत है।' इस प्रचंड जनादेश के लिए दिल्ली की जनता का दिल से आभार।

**कार्यक्रम** बहालगढ़ स्थित हनी मॉडर्न स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन

# स्पोर्ट्स डे पर विजेता छात्रों को साइकिल देकर किया सम्मानित

■ हनी मॉडर्न स्कूल बहालगढ़ में स्पोर्ट्स डे पर विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने खेलों में दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई





**राई।** स्कूल निदेशक मास्टर सतनारायण आंतिल के साथ खेलों का शुभारंभ करते हुए व हनी मॉडर्न स्कूल के तीनों साइकिल विजेता छात्रों को इनाम देते मास्टर सत्यनारायण वअन्य अतिथि गण ।

बहालगढ़ स्थित हनी मॉडर्न स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जिसमें आसपास के दर्जनों स्कूलों के सैकड़ो छात्रों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। खेल उत्सव का शुभारंभ स्कूल के निदेशक मास्टर सतनारायण आंतिल व हीना दहिया ने स्कूल की प्रधानाचार्य गीता मलिक के सहयोग से किया। खेल उत्सव में गणमान्य लोग भी पहुंचे । क्रॉस कंट्री रेस 600 मीटर में हनी स्कूल के छात्र व जाट जोशी गांव के प्रिंस ने प्रथम स्थान प्राप्त कर साइकिल का इनाम जीता। दूसरा 500 मीटर रेस में स्कूल की छात्रा सुगन ने साइकिल का इनाम जीता । इसके अलावा शॉर्ट मैथ में बहुत ही कम समय में पूरे अंक लेकर स्कूल की छात्रा ने विभिन्न स्कूलों के छात्रों को मात देते हुए साइकिल के नाम पर कब्जा किया। खेलों में छात्रों द्वारा किए गए बेहतर प्रदर्शन की अभिभावकों ने सराहना की। स्कूल के निदेशक सतनारायण आंतिल ने संबोधित करते हुए छात्रों से आह्वान किया कि वह शिक्षा के साथ-साथ खेलों की तरफ भी ध्यान दें क्योंकि खेलों से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है।